बी.ए. प्रथम वर्ष संस्कृत 2019-2020

प्रश्नपत्र कूट संख्या - 1641

प्रथम प्रश्न पत्र: काव्य, नाटक एवं प्रायोगिक व्याकरण

पाठ्यक्रम - **100 अंक**

1. काव्य - नीतिशतकम् - भर्तृहरि
2. नाटक - स्वप्नवासवदत्तम् - भास
3. प्रायोगिक व्याकरण

समग्र पाठ्यक्रम पाँच इकाइयों में तथा प्रश्नपत्र तीन खण्डों में विभाजित किया गया है। इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

पाठ्यक्रम की इकाइयाँ -

प्रथम इकाई - नीतिशतक की प्रथम पाँच पद्धतियाँ - मूर्खपद्धति, विद्वत्पद्धति, मानशौर्यपद्धति, अर्थपद्धति, दुर्जनपद्धति।

द्वितीय इकाई - नीतिशतक की शेष पद्धतियाँ - सज्जनपद्धति, परोपकारपद्धति, धैर्यपद्धति, दैवपद्धति, कर्मपद्धति।

तृतीय इकाई - स्वप्नवासवदत्तम् के एक से चार अंक

चतुर्थ इकाई - स्वप्नवासवदत्तम् के पंचम व षष्ठ अंक

पंचम इकाई - प्रायोगिक व्याकरण

प्रश्न-पत्र का विस्तृत अंक विभाजन

प्रथम खण्ड - (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) 20 अंक

इस खंड के अंतर्गत विकल्परहित वस्तुनिष्ठ कुल दस प्रश्न पूछे जाएँगे। ये पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे तथा सभी इकाइयों से समान रूप से सम्बद्ध होंगे।

द्वितीय खण्ड - (व्याख्यात्मक भाग) 50 अंक

इस खंड के अन्तर्गत कुल पाँच प्रश्न (व्याख्याएँ) शतप्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जाएँगे। इनमें से प्रत्येक का उत्तर (अर्थात् व्याख्या) लगभग **250** शब्दों में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **10** अंक निर्धारित हैं। इनका पाठ्यक्रमानुसार विभाजन निम्नलिखित प्रकार से है -

(क) नीतिशतक की प्रथम पाँच पद्धतियों (मूर्खपद्धति, विद्वत्पद्धति, मानशौर्यपद्धति, अर्थपद्धति, दुर्जनपद्धति) के श्लोकों में से दो श्लोक देकर किसी एक की व्याख्या पूछी जाएगी। 10 अंक

(ख) नीतिशतक की शेष पद्धतियाँ (सज्जनपद्धति, परोपकारपद्धति, धैर्यपद्धति, दैवपद्धति, कर्मपद्धति) के श्लोकों में से दो श्लोक देकर किसी एक की व्याख्या पूछी जाएगी।10 अंक

Helpstudentpoint.com

(ग) स्वप्नवासवदत्तम् के प्रथम चार अंकों में से दो श्लोक देकर किसी एक श्लोक की व्याख्या पूछी जाएगी।
10 अंक

(घ) स्वप्नवासवदत्तम् के पंचम व षष्ठ अंक में से दो श्लोक देकर किसी एक श्लोक की संस्कृत व्याख्या पूछी जाएगी। 10 अंक

(ङ) पाठ्यक्रम में निर्धारित पुस्तकों में से सन्धि, समास एवं प्रकृति-प्रत्यय विषयक पाँच प्रयोगों पर व्याकरणात्मक टिप्पणियाँ पूछी जाएँगी। 10 अंक

तृतीय खण्ड - (निबन्धात्मक भाग) 30 अंक

इस खंड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न (विकल्पों के साथ) पूछे जाएँगे। इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग **300** शब्दों में देना होगा। इनके लिए **15 - 15** अंक निर्धारित हैं।

1. उक्त खण्ड के प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत नीतिशतक में से संबंधित समीक्षात्मक दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जाएगा। 15 अंक
2. उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत स्वप्नवासवदत्तम् नाटक से संबंधित आलोचनात्मक दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जाएगा। 15 अंक

सहायक पुस्तकें -

1. नीतिशतकम् - भर्तृहरि
2. स्वप्नवासवदत्तम् - भास
3. संस्कृतव्याकरणप्रवेशिका - डॉ. बाबूराम सक्सेना
4. स्नातकसंस्कृतरचनानुवादकौमुदी - पं. नन्दकुमार शास्त्री
5. संस्कृतव्याकरणकौमुदी (1-4 भाग) - पं. ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
6. हायर संस्कृत ग्रामर - एम. आर. काले
7. बृहद्अनुवादचन्द्रिका - पं. चक्रधर हंस नौटियाल
8. सिद्धान्तकौमुदी प्रथम भाग - पं. बालकृष्ण व्यास
9. स्टूडेन्ट्स गाइड टू संस्कृत कम्पोजिशन - मू. ले.बी.एस. आप्टे अनु. डॉ. उमेशचन्द्र पाण्डे
10. रचनानुवादकौमुदी - डॉ. कपिलदेव द्विवेदी

*****

Helpstudentpoint.com